हिंदी कार्यशाला का आयोजन

कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में 08 सितंबर, 2022 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कनिष्ठ अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता ग्रेड में पदोन्नत हुए कर्मचारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री ईश्वरदत्त तिग्गा, अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) की अध्यक्षता में हुआ । कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री नरेश सिंह कनि.अधिकारी(हिंदी) ने अध्यक्ष महोदय एवं सभी उपस्थित कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। श्रीमती हेमलता कौर, कनि.अधिकारी (हिंदी) ने पुस्तक भेंट कर अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया। श्री तिग्गा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति के बाद सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारियां ओर भी अधिक बढ़ गई है। अपने मूल कार्य के साथ-साथ यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि सभी सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग हो और हम राजभाषा विभाग द्वारा पत्राचार के लिए नियत किए गए लक्ष्यों को पूरा करें ।

श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) ने अपने व्याख्यान में हिंदी में नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग करने की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि हमारा पत्राचार प्रभावशाली होने के साथ-साथ परिणामोत्पादक होना चाहिए। आजकल कार्यालय का अधिकतर कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से हो रहा है जिसके लिए यूनिकोड में कार्य करना आवश्यक है। कार्यालय के सभी कम्प्यूटरों में यूनिकोड में कार्य करने की सुविधा अवश्य ही मौजूद होनी चाहिए । यदि किसी कारण से यूनिकोड डिसेबल हो गया है तो उसे इनेबल करना भी स्वयं ही आना चाहिए । हिंदी के विभिन्न टूल्स का प्रयोग करते हुए प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह टाइपिंग जानता है या नहीं, टाइप कर सकता है । उन्होंने कार्यशाला में कर्मचारियों को इन टूल्स की जानकारी भी दी। इसके साथ ही प्रभावशाली नोटिंग-ड्राफ्टिंग करने के लिए पारिभाषिक शब्दावली के उपयोग के बारे में भी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया तथा इसका अभ्यास भी कराया। श्री नरेश सिंह ने कर्मचारियों को भारत सरकार की राजभाषा नीति, अधिनियम एवं नियमों की जानकारी दी ।

कार्यशाला में 31 कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की । कार्यशाला के अंत में श्री पंकज कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया ।